**THE UNION BUDGET, 2020-21 —** *Contd.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, let us resume the Budget discussion. Mr. Navaneethakrishnan, please continue your speech.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, I was referring to the aspirational districts and also 'One District, One Product'. I am of the very humble opinion and view that we can create wealth legally by doing agriculture on the basis of the schemes announced by the Central Government in this Budget. I would like to refer to one thing. The Government is going to take comprehensive measures for 100 water-stressed districts. This is a very good move; I welcome it. Another move is chemical-free farming, which alone will bring profit to agriculture. The Government has now taken a decision. From paragraph 23(4) of the Budget speech and also from the newspaper reports, it is very clear that so far, subsidy to the tune of ₹75,000 crores was given to fertilizer companies. Now, it will be stopped and it will be directly disbursed to farmers. The Direct Benefit Transfer (DBT) system will be followed. I also request the Central Government to encourage traditional and natural organic farming by providing incentives. So, the traditional and natural farming must be encouraged. Rightly, our hon. Finance Minister has relied upon the Avvaiyar's poem, 'Bhumi tiruthi Unn', which means, first, 'first tend to till one's land and then eat". If it is not correct, Shri T.K. Rangarajan and Shri Tiruchi Siva will correct it because they may find defect even in translation; that is why, I am saying. I am ready to accept the translation to be given by both of you. So, it is a right move. Because of the excessive use of fertilizers, the soil fertility has been affected. This is the truth. Now, the Government is encouraging the traditional and natural organic farming. Besides, the fertilizer subsidy component will be distributed to the farmers directly. Further, I am very happy that they are going to introduce kissan rail. The agricultural products can be transported by plains. There is such a plan contemplated in this Budget. Further, MNREGA is going to be utilised for fodder development. So, it is a good thing. Fodder development is a very, very important thing because to develop the organic agriculture, we need organic fertilizer, which we can obtain only through cattle farming. So, it is a right move in the right direction to protect the soil fertility. Then, shallow lands can be used for solar plants. By this, at least, about 20,00,000 farmers will be benefitted in this financial year. This is a very good move. So, we are getting very good and clean energy.

[Shri A. Navaneethakrishnan]

Shallow lands are also going to be utilised profitably. Then, the NABARD is doing good work. There is no doubt about it. As far as Tamil Nadu is concerned, the Branch office or the Regional office is located at Chennai. But every district is having one office, that is, residence-cum-office. There is no specific Government office. So, my humble submission would be, please locate or shift the Chennai office to any part of Tamil Nadu, but not Chennai. Even I myself was not able to find out the office for three years. At last, I found it out and then, I met the officials. I was able to locate the Thanjavur office after making hectic efforts. This office is located in the third floor. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Navaneethakrishnan, your time is over.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: One minute, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Kindly remember, before lunch, you had taken six minutes. You were supposed to speak for only four minutes, the time given by your party. So, you are taking your own Party's time. ...*(Interruptions)*... I have no problem. But it will be deducted from your time. ...*(Interruptions)*...

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: Yes, yes.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Sir, he will finish now.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: Yes, I will finish it. I am concluding it. Even I wanted to conclude before lunch.

Sir, there are two things. Tamil Nadu is always a cyclone-prone State. So, my humble submission would be, an institute for climate change must be located in Tamil Nadu.

And also, I understand, subject to correction, that there is only one Government institution for soil sciences at Bhopal. I very humbly and earnestly urge the Central Government to locate yet another Central Government institute for soil sciences in Cauvery-delta region. These are the two requests. And also, the NABARD Office must be shifted and located in the Central part of Tamil Nadu. If it is possible financially? --according to the reports, NABARD is running on profits — they can put up small offices in important districts.

So, I thank the hon. Prime Minister and the Finance Minister. This Budget will definitely help to grow each and every individual citizen, especially, agriculture. We can create the wealth legally. I thank the hon. Prime Minister and the Finance Minister. Thank you, Sir.

**श्री रवि प्रकाश वर्मा** (उत्तर प्रदेश): सर, मैं आज बजट के ऊपर आदरणीय प्रो. राम गोपाल यादव जी के आशीर्वाद से, आपकी अनुमति से समाजवादी पार्टी का पक्ष रखने जा रहा हूँ। निश्चित रूप से ,बजट जैसे विषय पर बड़े-बड़े विद्वान, जैसे चिदम्बरम साहब, साथ ही और भी लोग अपनी बात रख चुके हैं, तो उनको बहुत ही सम्मान के साथ मैं कहना चाहता हूँ कि उनके बाद substance बहुत कम बचता है, फिर भी जो चीज़ें हम लोगों के ध्यान में आ रही हैं, उन पर मैं अपनी बात कहना चाहता हूँ। सिर्फ 30 लाख, 42 हजार, 230 करोड़ रुपए का बजट है और उसमें हमारी वित्त मंत्री साहिबा, हमारी मैडम साहिबा ने बहुत सारे डिटेल्ड प्रावधान किए थे। Aspirational India, Economic Development और caring society का एक नक्शा है। इन्होंने categorize करके काम करने का प्रयास किया है।

सर, हम लोग दिवाली में दिया जलाते हैं। नियम यह है कि दिवाली से एक दिन पहले अपना सारा लेन-देन, जिससे लेना है, देना है, साफ कर लो, उसके बाद चिराग जलाओ, लेकिन सर, हमने यह भी देखा है कि जो बड़े-बड़े कर्जदार होते हैं, जिनका एक-एक बाल कर्ज में डूबा हुआ है, वे सबसे बड़ा पटाखा जलाते हैं। वे दुनिया को दिखाते हैं कि अभी हमारे पास बहुत ताकत बाकी है, तो मुझे कुछ-कुछ ऐसा अहसास हुआ। सर, यह slowdown नहीं है, यह recession है और मुझे लगता है कि सरकार की इमेज को बचाने के लिए बहुत सारे बुद्धिजीवियों ने उसको mild करने की कोशिश की है कि नहीं, this is a cyclical slowdown, यह फिर रिवाइव हो जाएगा। सर, मेरे पास बहुत से एक्सपट्ट्स के कमेंट्स भी रखे हुए हैं। लोग हताश हैं, उन्हें नहीं लगता है कि इससे रिवाइवल हो सकता है और बड़े-बड़े विद्वान वक्ताओं ने इस बारे में कहा है कि हालात बहुत डिफिकल्ट हैं, हम आपके साथ में हैं, हमें आपसे हमदर्दी है। सच्चाई तो यह है कि आपको जो आलोचना सुननी पड़ रही है, यह गुनाह आपका नहीं था, यह कहीं और हुआ और बातें आपको सुननी पड़ रही हैं। हमें आपसे बहुत हमदर्दी है, लेकिन इससे बाहर कैसे निकलेंगे? मैंने पहले भी कहा था कि हिन्दुस्तान एक आर्थिक आपातकाल की स्थिति में है, सरकार को स्वीकार करना चाहिए और सभी पार्टियों के बीच में बैठकर, जो विद्वान अर्थशास्त्री हैं, हमारे पूर्व प्रधान मंत्री जी भी बैठे हुए थे। आपके पास भी अर्थशास्त्री हैं, सुब्रमण्यम स्वामी जी हैं। मैंने उनकी किताब पढ़ी है, उन्होंने लिखी थी, 'RESET.' मतलब fantastic. मुझे लगता है कि सच से दूर भागने वाला चश्मा होता है। मुझे लगता है कि एक ऐसा भी चश्मा है, जो हमको सच्चाई से दूर ले जाता है। वह चश्मा यह बजट स्पीच तो नहीं होनी चाहिए थी, ऐसा मुझे लगता है।

सर, यह जो पॉलिसी शॉक हुआ है, इसके बारे में कई वक्ताओं ने कहा है। Demonetization और compulsive digitalization ऐसी परिस्थितियाँ हैं, जिन्होंने आज हमें यहाँ लाकर पहुँचा दिया

[श्री रवि प्रकाश वर्मा]

है। पहले भी दुनिया भर में मंदी आई थी, लेकिन यहाँ फर्क नहीं पड़ा था। सर, हिन्दुस्तान में खेती non-taxable होती थी और यह भी सच है कि 67 परसेंट से भी ज्यादा लोग खेती से जुड़े हुए थे, उनको harass करने की कोई जरूरत नहीं थी। लेकिन, एक जो माइंडसेट बना हुआ था, पता नहीं कहाँ से यह विचार आया था कि कहीं न कहीं उन लोगों के पास सारा ब्लैक मनी रखा हुआ है, जो खेती कर रहे हैं, मज़दूरी कर रहे हैं या जो हाउस वाइव्स हैं। वह सारा ब्लैक मनी निकाल दिया गया और आज हालत यह है कि देश खाली है।

सर, जो ख़बरें आ रही हैं, वे बड़ी खतरनाक हैं। ऐसी ख़बर आ रही है कि एक प्रतिशत आबादी के हाथ में 73 प्रतिशत वेल्थ जा चुकी है। यह बड़ी खतरनाक बात है! आपके आगे सबसे बड़ा चैलेंज तो यही है। जो एक प्रतिशत आबादी है, ये वही लोग हैं, जिन्होंने प्राकृतिक संसाधनों को वेल्थ में कन्वर्ट किया है और आज हालत यह है कि उनके हाथ में पूँजी नहीं है। जब उनके हाथ में पूँजी नहीं है, उनकी आमदनी खत्म हो गई, उनके रिसोर्सेज़ खत्म हो गए, तो खपत कहाँ से बढ़ जाएगी? आज आपकी सबसे बड़ी चिन्ता यही है कि जो भी औद्योगिक उत्पादन हो रहा है, उसकी खपत बढ़नी चाहिए। सर, जब आदमी के पास पैसा ही नहीं रह गया है, तो वह कहाँ से खपत बढ़ाएगा? आज ये सवाल पैदा हो रहे हैं। यह सभी लोगों ने कहा भी है। जितने विद्वान वक्ता हैं, वे सब यही कह रहे हैं कि कुछ भी करिए, समाधान वहीं से निकलेगा, जब लोगों की purchasing power दोबारा बढ़नी शुरू होगी। शिक्षा पर, खाने पर, कपड़ों पर, टेलीकम्युनिकेशन पर, ट्रैवल पर, स्कूलिंग पर, हर चीज़ पर लोगों का खर्चा है। मैंने एक लिस्ट तैयार की थी, जिसके अनुसार ऐसे बहुत सारे आइटम्स हैं, जिनकी जरूरत आदमी को रोज पड़ती है, लेकिन आदमी ने compromise कर लिया है। आज ही इस बात का जिक्र हो रहा था। चिदम्बरम साहब बता रहे थे कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खपत का लेवल 10 परसेंट डाउन हुआ है। यह तो खतरे की घंटी है! अगर हम इस चीज़ को लेकर आश्वस्त रहना चाहेंगे, तो धोखा हो जाएगा।

सर, इस देश की आबादी लगभग 130 करोड़ क्रॉस कर रही है, जिसमें 85 परसेंट आबादी नौजवानों की है, जिन्हें काम चाहिए, जिन्हें रोज़गार चाहिए। मुझे नहीं लगता कि आपने इस बात पर ग़ौर किया कि 85 परसेंट नौजवान critical mass होता है। यह एक बहुत बड़ी आबादी हुई। अगर आप उसकी आवश्यकताओं को ऐड्रेस नहीं कर पाएँगे या उन रास्तों पर नहीं चल पाएँगे, जिनसे उन लोगों की आवश्यकताएँ ऐड्रेस होंगी, तो आप क्या उम्मीद करते हैं? मुझे लगता है कि आने वाला समय बहुत कठिन होने वाला है।

सर, मेरी चिन्ता इसलिए भी है, क्योंकि मुझे Mr. David Rockfeller का बयान पढ़ने को मिला, जो दुनिया के बहुत बड़े बैंकर हैं। वे बैंकर ही नहीं, बल्कि बैंकों के पितामह हैं। उनका कहना है, "We are on the verge of global transformation. All we need is the right major crisis and nations will accept a new world order." यह new world order क्या है? जो new

colonial system होता है, यह वही है। आज इन लोगों ने हिन्दुस्तान पर 70 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा का कर्जा मढ़ दिया, हम उनसे बड़ी खुशी-खुशी कर्जा लेते रहे और आज हालत यह है कि वे हमारी पॉलिसी बदल रहे हैं और एक crisis का इंतजार कर रहे हैं, जो crisis हम बनाकर उनको देने वाले हैं, जिससे नया world order set हो। यह नया world order किसानों की बात नहीं करता, यह मज़दूरों की बात भी नहीं करता, यह नौजवानों की बात भी नहीं करता, यह सिर्फ और सिर्फ मुनाफे की बात करता है। दुनिया के जितने भी बड़े-बड़े बैंकर्स हैं, वे किसी भी देश के मजबूत बैंक को बर्दाश्त नहीं करते। वे कठपुतली सरकारें बनाते हैं और उसके बाद वे ऐसी पॉलिसी बनाते हैं, ताकि वहाँ का बैंकिंग सिस्टम collapse हो और उसके बाद पूरा बाजार उनके लिए खुल जाए। सर, पूरी दुनिया में खनिजों के लिए लड़ाई चल रही है और हिन्दुस्तान उसका शिकार हो चुका है। अभी-अभी गवर्नमेंट ने पॉलिसी बनाई कि कोयले का open auetion होगा। हम सिर्फ royalty पर ज़िन्दा रहेंगे या उस कोयले का कभी इस्तेमाल भी करना जानेंगे यह सवाल सिर्फ कोयले पर ही नहीं है, बल्कि सारे के सारे मिनरल रिसोर्सेज़ और पूरी धरती पर जहां कहीं मिनरल रिसोर्सेज़ हैं, वे इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शिकार हो रहे हैं और वहां की सरकारें, जो चुनकर बनी हुई सरकारें हैं, वे कर्ज में बंधी हैं, बाध्य हैं, जो वे चाहें वह करने के लिए। हमारे लोग लाचार, मजबूर, गरीब और बेसहारा, जो सरकार के सहारे हैं, उनमें यह धोखा बना हुआ है कि वे सरकार के सहारे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार ने उनसे अपना पल्ला छुड़ा लिया है।

महोदय, यहां सबका साथ, सबका विकास की बात हो रही थी। हिन्दुस्तान में शेड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों की आबादी 16.6 परसेंट है, उनके लिए डेडिकेटेड बजट का आवंटन 2.73 परसेंट है, आप मज़े की बात देखिए। शेड्यूल्ड ट्राइब्ज़ की आबादी 8.9 परसेंट है, उनके लिए डेडिकेटेड बजट 1.76 परसेंट है, माइनॉरिटीज़ की population 20 परसेंट है, उनके लिए डेडिकेटेड बजट 0.16 परसेंट है, ओबीसी और बैकवर्ड की population 43 percent है, उनके लिए डेडिकेटेड बजट 0.07 परसेंट है और others की आबादी 11.8 परसेंट है, उनके लिए बजट का डेडिकेशन 95.28 परसेंट है। सारा राज़ खुल गया न।

**श्री भूपेन्द्र यादव** (राजस्थान): बाकी योजनाएं भी होंगी।

**श्री रवि प्रकाश वर्मा**: आप भेजेंगे, लेकिन मैं केवल यह बताना चाहता हूं...

**श्री उपसभापति**: वर्मा जी, आप चेयर को address कीजिए।

**श्री रवि प्रकाश वर्मा**: महोदय, बड़ी मज़ेदार बात है कि लोकप्रिय सरकार है, 36 परसेंट वोट पाकर जीती हुई सरकार है, लेकिन जो उनके बजटरी कमिटमेंट्स हैं, उनमें कोई धोखा नहीं है ...**(व्यवधान)**... सर, ये वे लोग हैं।

**श्रीमती जया बच्चन** (उत्तर प्रदेश): आप बीच में क्यों बोल रहे हैं?

**श्री रवि प्रकाश वर्मा**: महोदय, ये वे लोग हैं, जिन्होंने हिन्दुस्तान के अंदर wealth generation में अपनी जान लगायी है।

**श्री उपसभापतिः** कृपया आपस में बात न करें।

**श्री रवि प्रकाश वर्माः** महोदय, ये वे लोग हैं, जिन्होंने इस देश को हिन्दुस्तान बनाया है। महोदय, जो गरीब और अमीर के बीच में गैप बढ़ रहा है, यह खतरनाक हद तक बढ़ रहा है। मैं सिफ आलोचना नहीं कर रहा, मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं। आपने जो 95.28 परसेंट बजट ऐलोकेशन किया है, इस पर आप विचार कीजिएगा। आज यही लोग हैं, जो हिन्दुस्तान की सोसायटी के marginalize section हैं, यही लोग आज इस अर्थव्यवस्था को बाहर निकालेंगे। कया आपने स्माल सेविंग्स की पावर को कभी जाना? उस दिन चिट फंड कंपनियों की जब चर्चा चल रही थी तो यह बात सामने आयी थी कि चिट फंड कंपनियों में जिन लोगों का पैसा मारा गया, वे गरीब लोग हैं, लाचार किसान, गृहिणियां, छोटे काम करने वाले लोग, नौकरियां करने वाले लोग हैं। कितनी रकम थी, वह रकम 3 लाख करोड़ रुपये थी। यह जो small savings की power है, वह आपको दिखाई नहीं दी। मुझे हैरत लगती है कि आप अगर इस देश से खुलकर कहते, शास्त्री जी की तरह सामने आते और कहते कि हम एक crisis के बीच में खड़े हैं, देशवासियों, हमारी मदद करो, फिर आप देखते कि उसके बाद हिन्दुस्तान के अंदर क्या होता। महोदय, जो सबका साथ, सबका विकास था, वह आईना सामने दिखायी पड़ रहा है कि किसका कितना विकास है? उसमें कोई धोखा नहीं है।

महोदय, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस पूरी दुनिया का एक टारगेट है, हम भी उसके शिकार हुए हैं, लेकिन मज़ेदार बात यह है कि इस ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस का लक्ष्य क्या है, वह है सस्ता लेबर। यह सच्चाई है कि आज की तारीख में हिन्दुस्तान जिस crisis में फंसा हुआ है, उसका इलाज यही है कि लेबर जितना insecure हो जाएगा... दिल्ली शहर में तीन सौ रुपये दिहाड़ी चलती है, कैसे भी अगर यह हो जाए कि दिहाड़ी 50 रुपये रोज़ हो जाए तो अर्थव्यवस्था जिन्दा हो जाएगी, काम करने लगेगी, सारे के सारे उपक्रम मुनाफे की ओर चलने लगेंगे। क्या यही समाधान तो नहीं है?

हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ईज़ ऑफ लिविंग की बात भी कर रहे थे। हम लोग भुखमरी के पायदान पर रिकॉर्ड बना रहे हैं, भूखा आदमी, ईज ऑफ लिविंग और फिट इंडिया को साथ-साथ रखकर देखने से बहुत मज़ा आता है। फिट इंडिया कार्यक्रम, भुखमरी कार्यक्रम और nutrition का लेवल, गज़ब है। मैं तो सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि आप एक काम क?यों नहीं करते, खबर लगी है कि 1 प्रतिशत आबादी के पास 73 परसेंट wealth है। आप उस wealth पर टैक्स लगाइए, आपक 7 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। आपको मालूम है, 7 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। उनको exemption क्यों है? इस पैसे की जरूरत गरीबों को, लाचारों को और मजबूरों को थी। सर, मैं एक बात और कहना चाहता हूं, लेकिन मेरे पास समय कम है।

[**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)** *पीठासीन हुईं*]

मैडम, हिंदुस्तान में 80 परसेंट आबादी caste-based shackles हैं। मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि जो जातिगत ढांचा है, यह lock-in-system है। यह आदमी की इकोनॉमी

को भी लॉक करता है, उसकी पोलिटिक्स को भी लॉक करता है और सामाजिक रूप से तो लॉकिंग है ही। इतने प्रबल समर्थन के बाद इसकी अनलॉकिंग क्यों नहीं होती है? कायदे से तो यही लोग अगर अनलॉक हो जाएंगे, इस जाति के बंधन से बाहर आ जाएंगे, तो productivity देखिएगा। यदि कोई आदमी 200 रुपये की दिहाड़ी कर रहा है, तो मेहनत करते-करते उसकी दिहाड़ी 2,000 रुपये हो जाएगी। महोदया, मेहनत manual job, menial job - और खाली बैठे-बैठे, तिकड़म से, खाली पॉलिसीज़ बनाकर, खाली नई इन्वेस्टमेंट करके और खाली होशियारी करके करोड़पति, अरबपति बनना इस देश में बाएं हाथ का खेल है। सर, हालांकि चीज़ें बहुत थीं, लेकिन मैं संक्षेप में कहना चाहता हूं और मेरे बाद दो वक्ता और हैं। उपसभाध्यक्ष महोदया, जो agriculture job creation है, वह specific zone है और वहीं से रास्ता निकलेगा। महोदया, जो crop rotation की planning है, soil quality का management है, crop protection का कारोबार है, ये सब skilled job हैं। जो organic crops का कारोबार है, post-harvest के मामले हैं, food processing technologies हैं, seed certification और production का काम है, online marketing के skills हैं, agricultural और engineering के मामले हैं, agri-business administration है, export का काम है, capacity building है। मैडम, ये वे कैरियर हैं, जिन पर इन्वेस्ट करने से आपका फ्यूचर दुरुस्त रहेगा। गांव के अंदर गांव को उत्पादन और प्रसंस्करण की इकाई बनाकर काम करेंगे, तो आपका खजाना भर जाएगा, ऐसा मेरा मानना है। महोदया, संपत्तियां बेचकर काम चल रहा है, जैसा कि हमारे साथियों ने जिक्र किया। यह विकास नहीं, विनाश होता है। एक चीज़ और भी है, स्थायी रूप से हिंदुस्तान में जो युद्ध का माहौल बनाया जा रहा है, मैं अभी देख रहा था कि आज ही एक सवाल का जवाब मुझे दिया गया। डिफेंस फोर्सेज़ पर जो allotment था, वह पूरा नहीं हो पाया। वहां फौजों में हमारे बच्चे हैं। वहां बड़े-बड़े लोगों के बच्चे नहीं हैं। जो इस देश के कामगार लोग हैं, वर्किंग क्लॉस है, उनके बच्चे हैं और उनके लिए सिक्योरिटी थी कि नौकरियां मिल जाती हैं। अब चूंकि पेंशन के सवाल पैदा होने लगे हैं, रकम बढ़ गई है पेंशन की, liability बढ़ गयी है, जो आवंटन थे, उसमें पिछले साल में ही 31,882.95 करोड़ का deficit था। ...(**समय की घंटी**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)**: आपका एक मिनट ही बचा है।

**श्री रवि प्रकाश वर्मा**: उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं क्लोज़ कर रहा हूं। मैं ज्यादा नहीं कहना चाहता, चूंकि समय का बड़ा बंधन है। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि हेल्थ के ऊपर आपने जी.डी.पी. का जो 2.3% खर्चा किया है, उसको 5% कीजिए। यह स्वच्छता कार्यक्रम जो बनाया गया है, जो 10 करोड़ टॉयलेट्स बने हैं, उनमें soak pit बना है और soak pit आपका हेल्थ बर्डन बढ़ाने वाला है। सर, रेलों में बॉयो-टॉयलेट्स लग रहे हैं और गांवों में जो 11 करोड़ टॉयलेट्स बने हैं, उनके अंदर soak pit बन रहा है। इससे सीधे-सीधे यह पता लगता है कि जो दवाई कंपनियां हैं, उनकी लॉबी मंत्रालय के अंदर काम कर रही है। यह आपका हेल्थ बर्डन बढ़ाने वाली है। जरा इस पर गौर करिएगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)**: रवि जी, आपका समय समाप्त हो रहा है।

**श्री रवि प्रकाश वर्मा**: महोदया, सिर्फ एक मिनट का समय और दीजिए। मैं हेल्थ पर एक चीज़ और कहना चाहता हूं। आप खर्चा बढ़ाइए, चूंकि जो चाइना में चल रहा है, वह खेल नहीं है और वह बड़ी बात है। वर्ष 2011 में हॉलीवुड से एक मूवी Contagion आई थी। उसके अंदर यह ईवेंट पूरा का पूरा दिखाया गया था। यह एपिसोड वर्ष 2011 में पूरी दुनिया ने देखा है और वह अब दोहराया जा रहा है। आपको क्या लगता है कि बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को ध्वस्त करने के लिए यह बहुत माकूल टूल है? ...(**समय की घंटी**)... अगर आपके health expenditure नहीं बढ़े, तो सब कुछ करने के बाद भी आप हार जाएंगे। ...(**समय की घंटी**)... महोदया, मैं महिलाओं के बारे में एक चीज़ कहना चाह रहा था। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कहकशां परवीन)**: रवि जी, आपकी पार्टी से जो वक्त मुक़र्रर है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रवि प्रकाश वर्मा**: महोदया, मैं बस क्लोज़ कर रहा हूं।

**प्रो. राम गोपाल यादव**: बाद वाले वक्ता अपना समय कम कर देंगे।

**श्री रवि प्रकाश वर्मा**: उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं महिलाओं के बारे में कहना चाहता हूं, क्योंकि वह हमारी आबादी है। उनकी जो सर्विसेज़ फैमिली के लिए हैं, वे unpaid services हैं। उनको 6 घंटे, 7 घंटे अपने घर में व्यतीत करने पड़ते हैं। क्या आप उनकी इन सेवाओं का आर्थिक मूल्यांकन कर पाएंगे, उनको जी.डी.पी. में कहीं attach कर पाएंगे? यकीन मानिए, अगर आप ऐसा कर पाए, तो आप महिलाओं के साथ बहुत न्याय करेंगे। मैडम, इस बजट के संबंध में मेरा अनुमान था कि हम समय के इस मोड़ पर हैं कि यह mother and child focused, child friendly बजट होता। हमारी जो नयी पीढ़ी है, बच्चे हैं, नौजवान हैं, इन्हीं पर हमारी उम्मीदें टिकी हुई हैं, यही लोग भारत हैं, हिन्दुस्तान हैं। मुझे लगता है कि अगर आप इन पर investment करेंगे तो आप उस अंधेरे से बाहर निकल पाएंगे। हमारी शुभकामनाएं हैं कि आपकी मेहनत कामयाब हो, आपके संघर्ष कामयाब हों और हिन्दुस्तान इस अंधेरे से बाहर निकले। हम सब लोग आपका साथ देने के लिए तैयार हैं - आप हाथ तो बढ़ाइए, यह पूरा देश आपका इंतज़ार कर रहा है, धन्यवाद।

SHRI PRASHANTA NANDA (Odisha): Madam, after this Budget was presented in the Parliament, my hon. Chief Minister, Shri Naveen Patnaik, had given his reactions, which I would like to quote. He said, "We welcome the following initiatives - Krishi Rail and Krishi Udan for a seamless national cold supply chain; PM-KUSUM to cover 20 lakh farmers for solar pumps; and, removal of Dividend Distribution Tax and introduction of concessional component tax. Odisha had requested for extension of concessional tax rates to cooperatives in line with corporate tax cuts. We welcome the announcement of concessional tax rates for cooperatives and increase of deposit insurance coverage from ₹ 1 lakh to ₹ 5 lakh, announcement for new Education Policy and FDI in the education sector."

The Indian economy was plagued by one of the slowest growth rates and the highest unemployment in the last many decades, coupled with a slowing world economy, rising protectionism, including the U.S.-China trade war and Brexit, it was one of the most challenging times to present a Budget. Expectations amongst people were high from the Government to present a big bang Budget to kick-start the economy by pushing domestic consumption and investment cycle in the economy. The Budget has, however, come with several incremental measures for various sections of the society. As termed by the Finance Minister, it is *"jan jan ka Budget"* and which, in aggregate, would provide necessary impetus to the economy. The Government has been very clear that it was not willing to bridge the fiscal deficit target by contravening the FRBM Act, 2003, and thereby with falling tax revenues, perhaps, the Government had only so much leg room. On the tax front, therefore, there is very little in the Budget in terms of simplification, but a lot on widening the tax base and increasing the compliance burden on the taxpayer. Hitherto, sale and purchase of goods was outside the ambit of any tax deduction at source (TDS) or tax collection at source (TCS). The Finance Bill now proposes to levy a TCS of 0.1 per cent whereby the seller, whose sales/turnover in the preceding year exceeds ₹10 crores, would collect the aforesaid tax from the buyer during the financial year on sale of goods in excess of ₹50 lakhs in a year. Another proposal to make the TCS net wider is the proposed levy of TCS at the rate of 5 per cent on remittances sent abroad under the Liberalised Remittance Scheme (LRS) and on sale of overseas tour packages by tour operators. The proposal to collect tax on LRS is particularly harsh and needs to be revisited. This also adds to the compliance burden as another return would have to be filed by the person collecting the tax.

The Finance Minister, like a seasoned leg spin bowler, has thrown a googly by proposing an amendment to change determination of residential status of Indian citizens staying abroad. Though the intention of the Government is to tax stateless persons, but the language of the proposed section and that of the latter Press Release have confused us as to what the Government is intending to tax. Also, reducing the number of days of stay in India from 182 to 120 days for Indian citizens living abroad is not a good step. The proposal regarding e-appeal and e-penalty seems to be a pre-mature step. After the stabilization of e-assessment or faceless assessment proceedings, the Government could have thought of moving to next step of e-appeal and e-penalty. In the appellate proceedings, the tax payer wants to be heard and wants to make the

[Shri Prashnta Nanda]

authorities understand his stand, which is not possible in a faceless scenario. In terms of the misses, the most important point seems to be rationalisation of Long Term Capital Gains tax. In our view, there was a need to remove Long Term Capital Gains tax on shares and reduce the tax rate of Long Term Capital Gains on the sale of immovable property. Any reduction in this rate would only lead to higher inflow of money in the formal economy and discourage transactions outside the books. It should be remembered that the intent to evade tax goes hand-in-hand with the high tax rate, and, therefore, there is a need to reduce the rate on sale of immovable property. We hope the Government will consider this in the next year's Budget.

Madam, some years back, there was an economic depression throughout the world, mostly in Europe. It could not affect our country so much because our rural economy was very, very strong. It would have been much better had some more money been infused for MNREGA works. The labour laws should have been amended and the wages which the labour gets should have been enhanced. We are talking of doubling the farmers' income. Do you think the farmers' income will double if the farmer continues with the same traditional crops of paddy and wheat? No. He has to go in for floriculture, he has to go in for horticulture and he has to go in for cash crops. Madam, it would have been better if you could increase the money or help which the farmer is getting now.

As far as my State is concerned, through you, I would like to make some requests to the hon. Minister. With regard to the clean energy cess, we want, at least, some sharing with States for specific use in places where the cess is raised to do clean energy activities. Prudence in financial management should not be a negative factor in fund allocation by Finance Commission. In fact, the Finance Commission should reward the States who have managed the State finances better. Royalty on coal needs revision. Regarding archaeological sites, Odisha should not be left out. It has maximum sites. We should have a National Tribal Museum in Odisha. This is my request.

It should be a special focus State to take care of recurring calamities. It breaks the financial backbone of the State. Although, I definitely thank the hon. Minister for the help which was provided to the State of Odisha at the time of cyclone Fani and other calamities, I request that any State which faces major disasters should be given,

special focus for three years for recovery and reconstruction, and, in terms of 90:10 per cent for Central schemes, a tax holiday etc. Please speed up the railway projects where the State is providing free land and 50 per cent cost of construction; Odisha is one of the very few States which does this. ...*(Time-bell rings)*... Teledensity and banking density both have to be increased. Also, drinking water needs focus. I do not have to go for a longer speech. I hope the hon. Minister will definitely take care of the request which I have made for my State. The most important thing is that more stress should be given on farmers and rural economy. I hope she will definitely take some action in this matter. Thank you very much.

**श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह** (बिहार): धन्यवाद, वाइस-चेयरमैन महोदया। मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने जो बजट प्रस्तुत किया है ,वह विकासोन्मुख है ,ग्रोथ ओरियंटेड है। मैं भारत के पूर्व वित्त मंत्री जी का भाषण सुन रहा था ,उन्होंने इस हाउस में 9 बजट प्रेज़ेन्ट किए हैं। मोरारजी देसाई जी के बाद उनका दूसरा नम्बर है ,लेकिन अंत में, जो वे कह रहे थे ,तो वह मुझे थोड़ा अच्छा नहीं लगा। वे क्लास की और मास की चर्चा कर रहे थे। उनका कहना था कि जो संसाधन हैं ,जो पैसे हमारे वित्त में हैं ,वे मासेज़ के पास जाने चाहिए ,क्लासेज़ के पास नहीं। तो क्लास और मास की बात तो समझ में आती है ,चूंकि वे खुद भी Harvard में पढ़े हैं ,तो वह क्लास है न, कोई मास तो है नहीं।

**श्रीमती जया बच्चन**: यह जरूरी नहीं है।

**श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह**: यह जरूरी है। देखिए, हम लोग तो जेएनयू में पढ़े हैं, हमारी वित्त मंत्री जी भी पढ़ी हैं, इसलिए हम लोग तो मास वाले हैं। लेकिन मैं बता दूं कि आप बात कर रहे हैं क्लास की और आप क्या कह रहे हैं? आप कह रहे थे कि किसान सम्मान निधि योजना में सरकार ने सिर्फ 54,000 करोड़ रुपये दिए। आप जरा समझिए ,आपने तो एक रुपया नहीं दिया था, तो कम से कम हम लोग कहां पहुंचे हैं! हम ज़ीरो से 54,000 करोड़ पर पहुंचे हैं और आगे और पहुंचेंगे। आप क्या कह रहे थे? ...**(व्यवधान)**... आप कह रहे थे, आप यह भी जरा जान लीजिए। वे क्या कह रहे थे, वे मास की बात कर रहे थे। पूरा का पूरा यह हमारा जो एससी और ओबीसी का बजट है ,उस बजट में 85,000 करोड़ रुपया दिया हुआ है, वह किस क्लास को जाएगा! हमारा जो एसटी है, उसके लिए 53,600 करोड़ रुपया दिया गया है, वह किस क्लास को जाएगा, क्या वह मास नहीं है? हमारे जो दिव्यांग हैं, जिनको 9,000 करोड़ रुपये जाएंगे ,वे मास हैं या क्लास हैं? हमारा पूरा का पूरा एग्रीकल्चर का बजट देख लीजिए, जो कि 1.60 लाख करोड़ का है ,वह कहां जाएगा? ग्रामीण विकास के लिए जो 4.23 लाख करोड़ है ,ज़नाब, वह कहां जाएगा? इतना ही नहीं ,आपको चिंता किसकी है? यहां चिंता इस बात की है कि गरीब के घर में नल का जल पहुंचे और उसके लिए अगले पांच सालों के लिए 3 लाख 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। यह किसके घर में जाएगा? इसलिए आप मास और क्लास की बात मत करिए। यह सरकार ग्रामीण इलाकों के लिए काम करने के

[श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह]

लिए ही है। आप ज़रा इस चीज़ को देखिए। आपको सबसे पहले किसानों को इस बात के धन्यवाद देना चाहिए ,जो आपने अभी तक नहीं दिया है। पहली बार इस देश में हमारा जो पूरा का पूरा हॉर्टिकल्चर का प्रोडक्शन है, वह 311 मिलियन टन हुआ है। यह किसने किया था? यह उसी किसान ने किया और इसका मतलब क्या होता है कि हमारे पूरा का पूरा एग्रील्कचर का डाइवर्सिफिकेशन हो रहा है। हमारा जो हॉर्टिकल्चर का रिकॉर्ड प्रोडक्शन हुआ है, इसमें क्या फायदा हुआ है? इससे लोगों को न सिर्फ केवल रोजगार मिला, बल्कि जो हमारे ग्रामीण इलाकों में रहते हैं, उनका nutritional level भी बढ़ा है। पहले क्या होता था? वे रोटी खाते थे, तो दाल नहीं होती थी, वे रोटी खाते थे, तो सब्जी नहीं होती थी और नॉन-वेज की बात तो छोड़ ही दीजिए। लेकिन आज वे कह रहे थे और अभी हमारे वर्मा जी भी बोल रहे थे कि ग्रामीण इलाकों में consumption 10 प्रतिशत नीचे चला गया है। वर्मा जी और पूर्व वित्त मंत्री जी ,जो चले गए ,आप लोग तो नहीं जाते हैं ,मैं गांव में ही रहता हूं और मैं अपने गांव में देख रहा हूं कि पहले लोग जितना खर्च करते थे और खाते थे ,उससे ज्यादा कर रहे हैं। मेरा गांव बिहार में है ,कोई बाहर नहीं है और आप क्लास और मास की बात कर रहे हैं। आप देखिए कि इस बजट में nutrition level को बढ़ाने के लिए 35,600 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इससे किसका nutritional level बढ़ेगा? महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आप देखिए, महिलाओं के लिए यह व्यवस्था है, यह पूरा का पूरा बजट कहां जाएगा और किन के लिए होगा, यह पूरा का पूरा बजट महिलाओं के लिए है। इसलिए आप ऐसी मानसिकता से उबरिए।

महोदया, आप जिसे tax terrorism कह रहे थे, वह क्या है, मैं उस बारे में बताना चाहता हूं कि लोगों की एक सोच यह है कि बहुत सारे जो सिविल कानून हैं, उनमें civil liability आ गई है और इससे लोग घबराए हुए हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आप बजट में पढ़िए, मैं फिर वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि इसकी पूरी की पूरी एक study की जा रही है, जो Company Law है या जो और laws हैं, उन सभी को ठीक से analyze किया जाए, जिससे कि लोगों के मन में किसी भी प्रकार का भय न रहे और वे निर्भय होकर अपना business करें और अपना व्यापार करें, लेकिन अगर गलत काम करेंगे, तो कहां जाएंगे ? गलत काम करने वालों की जगह एक ही है। इसलिए मैं इस सरकार को बधाई देना चाहता हूं।

महोदया, वित्त मंत्री जी को मैं इसलिए भी बधाई देना चाहता हूं कि पहली बार उन्होंने एक और कानून की चर्चा की और वह खासकर के महिला सशकतीकरण के लिए है। हमारी लड़कियों की marriage की जो age है, वह वर्ष 1978 में 8 वर्ष हुई थी। आज आप देखिए, उन्हें जिस प्रकार के अवसर मिले हैं, उनसे उन्होंने बहुत तरक्की की है। निश्चित रूप से जो MMR Vaccine की dose की बात है, उसे भी ठीक करना चाहिए। Nutrition level भी ठीक करना चाहिए। मैं आपको इसलिए बधाई देना चाहता हूं कि आपने इसमें भी एक task force बनाने की बात कही

है और जब उसकी रिपोर्ट आएगी, तो उसके अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी। हमारी जो बच्चियां हैं, उनकी जिस एज में शादी होती है, उस पर विचार होना चाहिए। इसके लिए भी आपने एक कमेटी बनाई है, यह भी एक अच्छी सोच है। इसके लिए भी मैं आपको बधाई देना चाहता हूँ।

महोदया, आप कहेंगे कि बजट में क्या है, मैं बताना चाहता हूं कि बजट में सिर्फ और सिर्फ चर्चा किस की है, वह सिर्फ ग्रामीण इलाके की चर्चा की गई है। आप सब जानते हैं कि हमारा देश ऊर्जा के क्षेत्र में कहां से कहां जा रहा है। अभी ऊर्जा मंत्री कह रहे थे कि हमारे देश में बिजली की कम खपत हो रही है। देखिए, मैं तो बिहार का हूं। बिहार में एक समय, मैं year का नाम नहीं लूंगा, क्योंकि यदि मैं year का नाम लूंगा, तो कुछ लोगों को खराब लगेगा, उस year में मात्र 450 से 500 मेगावॉट की खपत होती थी, लेकिन आज उसी बिहार में 5000 मेगावॉट से ज्यादा खपत हो रही है। बिजली की खपत कहां कम है? मैं ऊर्जा मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं और उनकी बगल में रेल मंत्री जी भी बैठे हुए हैं, उनको भी मैं बधाई देना चाहता हूं कि यह बहुत अच्छी सोच है, क्योंकि आज हम जिस सौर ऊर्जा की बात कर रहे हैं, उसके अन्तर्गत हमें पूरी की पूरी ऊर्जा सूरज से मिलनी है, जो हमारी टिकाऊ एनर्जी होगी। आप रेलवे ट्रैक के आसपास की पूरी की पूरी जमीन को सोलर ऊर्जा के लिए उपयोग करने जा रहे हैं, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। साथ ही आपने इसमें किसानों को भी लिया है। आपने क्या कहा- किसानों की जो fallow land है, जिस पर वे खेती नहीं करते हैं, उस पर भी वे सोलर प्लांट लगाकर, 'अन्नदाता' के साथ-साथ 'ऊर्जादाता' बनने जा रहे हैं, इसके लिए भी आप बधाई के पात्र हैं।

महोदया, इस संबंध में, वित्त मंत्री जी से मेरा अनुरोध होगा कि बिहार में और खासकर हमारे northern बिहार में, बहुत सारी हमारी water bodies हैं और बहुत बड़ी-बड़ी bodies हैं। उनके बारे में study भी हुई है कि किस प्रकार से वहां पर सोलर ऊर्जा का काम किया जाए, जिससे कि उसके नीचे मछली-पालन भी हो जाए और हमारे यहां जो मखाने की खेती होती है, उसका भी, यानी मखाने का पालन भी हो जाए और उसके ऊपर हम कैसे सोलर प्लांट लगाएंगे, इस बारे में भी वे ध्यान रखें। इसलिए हम चाहेंगे कि इस प्रकार से काम करने से जो हमारे किसान हैं, निश्चित रूप से उनकी आमदनी बढ़ेगी।

महोदया, मैं एक दूसरी और चीज के लिए भी बधाई देना चाहता हूं, हालांकि उस बारे में सिर्फ दो ही लाइनें बजट में लिखी हैं, लेकिन उसमें बहुत गहराई छिपी हुई है। यह पूरा का पूरा जो inlandwater way-1 है, जिसमें हमारा बिहार आता है और वह इलाहाबाद से हल्दिया तक जाता है, उसके दोनों किनारों पर आपने "अर्थ-गंगा प्रोजेक्ट" बनाने का प्रस्ताव किया है। इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीया वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं। यह कोई साधारण सोच नहीं है। यह पूरा का पूरा हमारा इलाका है, वह वर्जिन इलाका है, जिसके दोनों बैंक्स पर आगे चलकर economic activities होंगी। इसमें सिर्फ इस बात का ध्यान रखना है कि ये economic activities इस प्रकार से हों, जिससे कि हमारा environmental degradation भी न हो। आप इस बात को देखिए और समझिए कि इससे विकास के कितने अवसर मिलेंगे।

[श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह]

महोदया, मैं यहां यह भी कहना चाहूंगा कि हमारे बिहार में NDA की सरकार है। आप सब लोग गया और राजगीर के बारे में भी जानते हैं। दुर्भाग्य से उस इलाके में पानी की कमी रहती है। हमारी NDA की सरकार, जिसके नेता हमारे नीतीश कुमार जी हैं, उन्हें मैं बधाई इसलिए देना चाहता हूं कि उनकी सरकार पहली बार बिहार में गंगा का जल गया पहुंचाने जा रही है, यह साधारण बात नहीं है। उस सरकार की यह सोच है। आप जब गया जाएंगे, तो आपको गंगा जल मिलेगा। आप तो जानते ही हैं गया में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ और वहां लोग अपने पितरों के तर्पण के लिए भी जाते हैं। वहां आपको गंगा का जल मिलेगा। इस प्रकार देखिए हमारी NDA की सरकार बिहार में क्या कर रही है और इससे कितनी संभावनाएं बनती हैं।

